n style='mso-tab-count:1'>

Need to confer Bharat Ratna Award on Dr. Sir Hari Singh Gaur and accord the status of a Central University to Sagar University, Madhya Pradesh

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : डा0 सर हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय का यह हीरक जयन्ती वÂर्ष है। विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती के कार्यक्रम में माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री की गरिमामय उपस्थिति भी हुई थी जिसमें उन्होंने स्वर्य इस बात को उल्लेखित किया था कि मध्य प्रदेश में सागर विश्वविद्यालय को ही सबसे पहले केन्द्रीय विश्वविद्यालय का गौरव प्राप्त होना चाहिए। यह विश्वविद्यालय कई दÂिष्टयों से अपना विशिष्ट स्थान रखता है। आज प्रदेश में जितने भी फार्मेसी कालेज हैं, सभी में टीचर सागर यूनिवर्सिटी के ही है। मध्य प्रदेश के शैक्षणिक जगत में भूगर्भशास्त्र, अपराधशास्त्र को प्राथमिकता दी जाती है। डा0 सर हरी सिंह गौर का सपना इस विश्वविद्यालय को केब्रिज यूनिवर्सिटी के समान बनाने का था, इसे बनाने में उन्होंने अपनी जीवन भर की कमाई लगा दी थी। मध्य प्रदेश में एक भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय नहीं है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि डा0 सर हरी सिंह गौर को भारत रत्न से सम्मानित करने के साथ ही विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनवाने का सहयोग करें।